दिनांक 8 अप्रैल 2020

स्वच्छ भारत अभियान

स्वच्छ एवं सुंदर भिलाई

बाजार में सोशल डिस्टेंस मेंटेन कराने आज सुबह से जुटी निगम की टीम, बेतरतीब खड़ी कंडम वाहनों को हटाया गया

भिलाई नगर/ बाजार क्षेत्रों में लगने वाले भीड़ को नियंत्रित करने के लिए आज निगम की टीम अलग-अलग बाजारों में तैनात रही | आज उड़नदस्ता की टीम प्रातः 8:00 बजे से संजय नगर सुपेला में लगने वाले बाजार पर निगरानी रखने पहुंच गई तथा सोशल डिस्टेंस बनाने सब्जी विक्रेताओं को दूरी बनाए रखने हिदायत देकर चुना मार्किंग किए गए स्थलों पर बैठने कहा! ठेले वालों को फेरी लगाकर गली-मोहल्लों में विक्रय करने हेतु भेजा गया तथा वहां पर लंबे समय से खड़ी वाहनों को हटाने की कार्यवाही पुलिस प्रशासन एवं निगम द्वारा की गई! कुछ लोगों ने स्वयं से ही अपने वाहनों को वहां से हटा लिया! पार्किंग के लिए जगह बनाने ऐसे वाहनों को हटाकर बाजार मे आने-वाले क्रेताओं के लिए वाहन को सुव्यवस्थित रखने व्यवस्था की जा रही है! मैदान के संपूर्ण क्षेत्र में जेसीबी के माध्यम से सफाई किया गया है

जनसंपर्क अधिकारी